# अब क्या होगा?

## कोरोनियल (मृत्यु-समीक्षा) प्रक्रिया में पहले चरण

यह संक्षिप्त प्रपत्र आपको अपने प्रियजन की मृत्यु के बारे में कोरोनर को सूचित किए जाने के तुरंत बाद जिन बातों की जानकारी होनी चाहिए, उनके बारे में समझाता है। इसमें उपलब्ध सहायता के बारे में तथा कोरोनर प्रक्रिया के प्रारंभिक चरणों के दौरान कोरोनर के कार्य-कलापों के बारे में जानकारी शामिल है।

## कठिन समय में सहायता

Coroners Court of Victoria (कोर्ट) और Coronial Admissions and Enquiries (CA&E) के कर्मचारी आपको अपने दुख और हानि के समय में सहायता देने में सक्षम सेवाओं के बारे में जानकारी और संपर्क विवरण दे सकते हैं। इस प्रपत्र के अंतिम पृष्ठ पर समर्थन उपलब्ध कराने वाली कई सेवाओं के सहायता संपर्क नंबरों की सूची दी गई है, जो इस कठिन समय में आपके लिए उपयोगी हो सकती हैं।

## कोरोनर की भूमिका

यदि संभव हो, तो कोरोनर को निम्नलिखित बातों की खोज करनी चाहिए:

1) मृतक की पहचान
2) मृत्यु का कारण
3) कुछ मामलों में मृत्यु से जुड़ी परिस्थितियाँ।

कोरोनर मृत्यु के सभी प्रकरणों के बजाए केवल उन्हीं प्रकरणों की जाँच करता है, जो रिपोर्ट किए जाने योग्य होते हैं। रिपोर्ट किए जाने वाले मृत्यु के प्रकरणों में शामिल हैं:

- अप्रत्याशित, अप्राकृतिक या हिंसक, अथवा किसी दुर्घटना या चोट के कारण मृत्यु
- चिकित्सीय प्रक्रिया के दौरान या प्रक्रिया के बाद अप्रत्याशित रूप से मृत्यु
- हिरासत के समय या देखभाल में व्यक्ति की मृत्यु
- यदि डॉक्टर मृत्यु प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने में सक्षम न हो
- जब व्यक्ति की पहचान अज्ञात हो।

## प्रथम संपर्क

CA&E कर्मचारी कोरोनियल प्रक्रिया के सर्वप्रथम चरणों के बारे में आपसे संपर्क करेंगे।

CA&E, Victorian Institute of Forensic Medicine द्वारा प्रदान की जाने वाली एक राज्यव्यापी, 24-घंटे उपलब्ध सेवा है।

CA&E की भूमिका में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं:

- मृत्यु के प्रकरणों की रिपोर्ट प्राप्त करना
- मृतक के शरीर को CA&E की देखभाल में ले जाना
- मृतक की पहचान स्थापित करने के लिए समन्वयन करना

- कोरोनर के लिए मृत्यु की चिकित्सीय जाँच का समन्वयन करना
- अंतिम सँस्कार के लिए मृतक के शव को निर्गत करना।

## देखभाल में प्रवेश

अधिकाँश मामलों में यदि आपके प्रियजन की मृत्यु Melbourne में हुई थी, तो उसके शरीर को Coronial Services Centre, 65 Kavanagh Street, Southbank में स्थित CA&E की देखभाल में प्रवेश दिया जाएगा। यदि आपके प्रियजन की मृत्यु ग्रामीण विक्टोरिया में हुई थी, तो CA&E कर्मचारी आपसे संपर्क करके आपको बताएँगे कि उसे किस देखभाल में प्रवेश दिया जाएगा।

यदि आप अपने प्रियजन को देखना चाहते/चाहती हैं या उसके साथ समय बिताना चाहते/चाहती हैं, तो CA&E कर्मचारी इसमें आपकी सहायता करेंगे और आपसे इस बारे में बात करेंगे कि सबसे वरिष्ठ निकटतम परिजन कौन होगा। कोरोनर द्वारा की जाने वाली जाँच के बारे में कोई भी संचार उस व्यक्ति या उसके चुने हुए प्रतिनिधि के माध्यम से किया जाएगा।

## वरिष्ठ निकटतम परिजन

सामान्य रूप से वरिष्ठ निकटतम परिजन व्यक्ति का सहजीवी या उसके घर में साथ रहने वाला/वाली जीवनसाथी होता/होती है। यदि व्यक्ति का/की कोई जीवनसाथी नहीं है या वह उपलब्ध नहीं हैं, तो अगला वरिष्ठ निकटतम परिजन निम्नलिखित होगा/होगी (इस क्रम में):

- वयस्क बेटा या बेटी (18 वर्ष और इससे अधिक)
- माता या पिता
- वयस्क भाई या बहन (18 वर्ष और इससे अधिक)
- वसीयत में वसीयतकर्ता के रूप में नामित व्यक्ति
- मृतक व्यक्ति की मृत्यु से ठीक पहले उसका निजी प्रतिनिधि
- मृतक व्यक्ति की मृत्यु से ठीक पहले उसके साथ घनिष्ठ संबंध में होने के परिणामस्वरूप कोरोनर द्वारा वरिष्ठ निकटतम परिजन के रूप में निर्धारित किया गया व्यक्ति।

## पहचान

कोरोनर के लिए मृतक व्यक्ति की पहचान की पुष्टि करना आवश्यक होता है। इसमें दिखाई देने वाली, या चिकित्सीय और वैज्ञानिक पहचान विधियाँ शामिल हो सकती हैं।

यदि दिखाई देने वाली पहचान की आवश्यकता है, तो आपको अपने प्रियजन की पहचान करने के लिए कोरोनियल सेवाएँ केंद्र (Coronial Services Centre) में आने के लिए कहा जा सकता है। अपने प्रियजन की पहचान करने के लिए यह आवश्यक है कि आप मृतक व्यक्ति के परिवार के/की सदस्य हों या मृत्यु के समय उसे अच्छी तरह से जानते/जानती हों। CA&E कर्मचारी दिखाई देने वाली पहचान करने हेतु आपके लिए कार्यकाल के दौरान समय नियुक्त करेंगे।

चिकित्सीय और वैज्ञानिक पहचान विधियों में दाँतों के रिकॉर्ड, उंगलियों के निशान या डीएनए की तुलना का उपयोग किया जाना शामिल होता है। कोरोनर पहचान के लिए सबसे उपयुक्त विधि निश्चित करेगा और CA&E कर्मचारी आपको प्रयोग की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताएँगे।

# चिकित्सीय परीक्षण

व्यक्ति की मृत्यु के कारण का पता लगाने में कोरोनर की सहायता के लिए चिकित्सीय परीक्षण किए जाते हैं। जो हुआ था, भले ही वह स्पष्ट हो, फिर भी यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कोरोनर इस बात का बिल्कुल सटीक तरीके से पता लगाने में सक्षम रहे कि क्या हुआ था।

## प्रारंभिक परीक्षण

जब आपके प्रियजन का शरीर CA&E की देखभाल में हो, तो एक फोरेंसिक पैथोलॉजिस्ट शरीर की जाँच करेगा। इस प्रारंभिक परीक्षण में कम से कम शव-विच्छेदन किया जाता है। CA&E कर्मचारी फोरेंसिक पैथोलॉजिस्ट के साथ मिलकर काम करते हैं और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।

CA&E स्टाफ आपसे अपने प्रियजन के चिकित्सीय रिकॉर्ड या अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए सहायता माँग सकते हैं। उन्हें आपसे मृत्यु के समय की परिस्थितियों के बारे में बात करने की आवश्यकता भी हो सकती है। मृत्यु के विषय में चर्चा करने के लिए पुलिस भी आपसे संपर्क कर सकती है। इससे कोरोनर को मृत्यु के समय उपस्थित अधिक से अधिक तथ्य एकत्र करने में सहायता मिलती है।

## शव-परीक्षण (Autopsy)

कुछ मामलों में फोरेंसिक पैथोलॉजिस्ट को शव-परीक्षण करने की आवश्यकता होगी। यह एक चिकित्सीय प्रक्रिया होती है जिसका उद्देश्य मृत्यु के चिकित्सीय कारणों का पता लगाना होता है। यदि कोरोनर को शव-परीक्षण की आवश्यकता प्रतीत हो, तो CA&E कर्मचारी इस प्रक्रिया को समझाने और किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए सबसे पहले वरिष्ठ निकटतम परिजन से संपर्क करेंगे।

यदि आपको धार्मिक या साँस्कृतिक प्रथाओं जैसे कारणों के फलस्वरूप शव-परीक्षण किए जाने पर आपत्ति हो, तो इसके बारे में CA&E कर्मचारियों को बताएँ ताकि वे कोरोनर को सूचित कर सकें। कोरोनर आपकी चिंताओं को ध्यान में रखेगा और CA&E कर्मचारी कोरोनर के निर्णय के बारे में सूचित करने के लिए आपसे फिर से संपर्क करेंगे।

# व्यक्तिगत वस्तुएँ

सामान्य रूप से मृत्यु के स्थान पर पाए जाने वाले गहनों, कपड़ों और अन्य कीमती सामान जैसी व्यक्तिगत वस्तुओं को पुलिस अपने पास रखती है और इन्हें बाद में अंतिम सँस्कार निदेशक को देती है। कभी-कभी पुलिस आपराधिक जाँच के लिए कुछ वस्तुएँ अपने पास भी रख सकती है।

अन्यथा सभी व्यक्तिगत वस्तुएँ अंतिम सँस्कार निदेशक को दे दी जाती हैं ताकि वह इन्हें परिवार को वापिस सौंप सके। यदि आपके पास व्यक्तिगत वस्तुओं के बारे में प्रश्न हैं, तो कृपया CA&E कर्मचारियों को बताएँ।

# अंतिम सँस्कार की योजना बनाना

आप किसी भी समय अंतिम सँस्कार निदेशक से संपर्क कर सकते/सकती हैं। अंतिम सँस्कार निदेशक आपको अंतिम सँस्कार की योजना बनाने में सहायता देगा और आपके साथ तथा CA&E कर्मचारियों के साथ संपर्क करेगा।

यदि आवश्यक हो, तो अंतिम संस्कार निदेशक आपके प्रियजन के शरीर को Victoria के किसी ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित करने की व्यवस्था भी कर सकता है।

## मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करना

कोरोनर और अंतिम सँस्कार निदेशक मृत्यु के बाद Registry of Births, Deaths & Marriages Victoria (BDM) को महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। BDM द्वारा मानक मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने से पहले कोरोनर को मृत्यु के कारण के बारे में विवरण प्रदान करना होगा।

### मानक मृत्यु प्रमाण-पत्र

आप या आपका अंतिम सँस्कार निदेशक एक मानक मृत्यु-प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आदेश दे सकता है। इसके लिए एक शुल्क लागू होता है, जिसे अंतिम सँस्कार के शुल्कों के साथ शामिल किया जा सकता है। BDM अंतिम सँस्कार निदेशक द्वारा इंगित किए गए व्यक्ति को मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करेगा। यदि आप स्वयं अंतिम सँस्कार की व्यवस्था नहीं कर रहे/रही हैं, तो आप मृत्यु प्रमाण-पत्र की एक प्रति प्राप्त करने के लिए सीधे BDM के पास आवेदन कर सकते/सकती हैं।

### अंतरिम मृत्यु प्रमाण-पत्र

यदि कोरोनर द्वारा फिलहाल मृत्यु का कारण स्थापित नहीं किया गया है, तो BDM एक अंतरिम मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है। परन्तु अंतरिम मृत्यु प्रमाण-पत्र में मृत्यु का कारण शामिल नहीं होता है, इसलिए हो सकता है कि इसे सभी आधिकारिक उद्देश्यों के लिए स्वीकार न किया जाए।

कोर्ट और CA&E के कर्मचारी आपको एक मृत्यु पुष्टि-पत्र भी दे सकते हैं जिसमें इस बात की पुष्टि इंगित की जाती है कि मृत्यु हो गई है। इस पत्र को सभी वित्तीय या कानूनी सँस्थानों द्वारा आधिकारिक उद्देश्यों के लिए स्वीकार नहीं किया जाता है।

जिस संगठन के साथ आप व्यवहार कर रहे/रही हैं, उसके साथ इस बात की जाँच करना हमेशा सबसे अच्छा रहता है कि क्या वह संगठन अंतरिम मृत्यु प्रमाण-पत्र या मृत्यु पुष्टि-पत्र को स्वीकार करेगा या नहीं।

## सहायता के लिए संपर्क

यदि आपके पास कोरोनर द्वारा की जाने वाली जाँच के आरंभिक चरणों के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो आप CA&E से 1300 309 519 (24 घंटे) पर संपर्क कर सकते/सकती हैं या कोर्ट की वेबसाइट www.coronerscourt.vic.gov.au पर जा सकते/सकती हैं।

इस कठिन समय के दौरान सहायता करने वाली अतिरिक्त सहायता सेवाओं की सूची नीचे दी गई है। यदि अन्यथा इंगित नहीं किया गया है, तो ये नंबर व्यावसायिक कार्यकाल में उपलब्ध रहते हैं।

| | |
|---|---|
| Australian Centre for Grief and Bereavement | (03) 9265 2100 |
| Compassionate Friends | (03) 9888 4944 (24 घंटे) |
| | 1300 064 068 (24 घंटे) |
| Donor Tissue Bank of Victoria | (03) 9684 4444 |
| Federation of Community Legal Centres Victoria | (03) 9652 1500 |

# अब क्या होगा?

| | |
|---|---|
| Interpreter Service | 13 14 50 |
| GriefLine | 1300 845 745 (दोपहर 12बजे – सुबह 3बजे) |
| Lifeline | 13 11 14 (24 घंटे) |
| Mercy Grief Services (Western Metropolitan Region only) | (03) 9313 5700 |
| National Relay Service TTY | 13 36 77 (सुनने में बाधित क्षमता वालों के लिए) |
| | 1300 555 727 (स्पीक एंड लिसन) |
| Registry of Births, Deaths and Marriages Victoria | 1300 369 367 |
| Road Trauma Support Services | 1300 367 797 |
| Red Nose formerly SIDS and Kids | 1300 308 307 (24 घंटे) |
| State Trustees | (03) 9667 6444 |
| | 1300 138 672 (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए) |
| SuicideLine Victoria | 1300 651 251 (24 घंटे) |
| Support After Suicide | (03) 9421 7640 |
| StandBy Suicide Support (Murray Region only) | 0439 173 310 (24 घंटे) |
| Victims of Crime Helpline | 1800 819 817 |
| Victoria Legal Aid | 1300 792 387 |
| Victorian Aboriginal Legal Services | 1800 064 865 |
| Court Network | 1800 681 614 |

Coroners Court of Victoria

65 Kavanagh Street

Southbank VIC 3006

T 1300 309 519  F 1300 546 989

W www.coronerscourt.vic.gov.au